# कर्मचारियों की ड्यूटी, कार्यालयों में ताले

## नगर निगम नामांतरण शाखा सहित अन्य विभागों में कुर्सियां खाली मिलीं, आम नागरिक कार्यालय के बाहर इंतजार करते नजर आए

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. सेवा संकल्प अभियान के तहत आर्शीवाद का एक दीया कार्यक्रम को लेकर नगर निगम कार्यालय में कर्मचारियों की कार्यक्रम स्थल पर ड्यूटी लगा दी गई जिसके चलते कई विभागों के दरबाजे बंद रहे तो कहीं पर कुर्सियां खाली मिलीं. आम नागरिक विभागों के बाहर कार्यालयीन समय में कर्मचारियों के आने का इंतजार करते नजर आए.**

मालूम हो कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सागर में सेवा संकल्प अभियान आयोजित किया जा रहा है. अभियान के शुभारंभ के लिए 17 सितंबर को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम रखा गया था. इसके तहत लाखा बंजारा झील के चकराघाट सहित सभी 48 वार्डों में दीप प्रज्वलन कार्यक्रम प्रस्तावित था. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निगम कार्यालय पहुंचे लोगों को कई कक्षों में कर्मचारी नहीं मिले. कुछ कक्षों पर ताले लगे थे. बताया गया कि उन्हें वार्डों में कार्यक्रम की जिम्मेदारी दी गई है. ऐसे में दूर-दराज से अपने काम के लिए निगम पहुंचे लोगों के सामने यह स्थिति बनी कि संबंधित शाखा में कर्मचारी ही उपलब्ध नहीं थे. अभियान को लेकर अधिकारी-कर्मचारियों की अलग-अलग जिम्मेदारियां तय की गई थीं.



नगर निगम में प्रतिदिन जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र, नामांतरण, राजस्व, भवन अनुज्ञा, नक्शे, जलप्रदाय और अन्य कार्यों से जुड़े नागरिक पहुंचते हैं. इन विभागों में किसी कर्मचारी के उपलब्ध नहीं होने का सीधा असर लोगों के काम पर पड़ता है. गुरुवार को भी कुछ नागरिक अपने जरूरी काम लेकर निगम कार्यालय पहुंचे, लेकिन संबंधित कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें इंतजार करना पड़ा अथवा वापस लौटना पड़ा, ऐसी जानकारी सामने आई है. अपने नामांतरण कार्य के लिए निगम आए आनंद कुर्मी, आशू एवं दिलीप ने बताया कि नामांतरण कार्य के सिलसिलें में कार्यालय पहुंचे तो वहां पर कोई कर्मचारी नहीं मिला और कोई बताने वाला नहीं था. इसी प्रकार आवास, योजना शाखा, समग्र आईडी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य के लिए निगम में कोई जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी नहीं मिला था. नागरिकों का कहना है कि सरकारी कार्यालय में काम कराने के लिए आने वाले व्यक्ति के लिए यह मायने रखता है कि निर्धारित कार्य दिवस में संबंधित शाखा उपलब्ध है या नहीं. कार्यक्रम अपनी जगह है और आम जनता का काम अपनी जगह. ऐसे में दोनों व्यवस्थाओं के बीच समन्वय नहीं होने पर परेशानी सीधे नागरिक को उठानी पड़ती है.

# बुंदेलखंड में विकास की नई संभावनाएं बनेंगी

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव के अवसर पर जिले के किसानों से वर्चुअली जुड़कर संबोधित करते हुए कहा कि बलराम कृषि महोत्सव किसान कल्याण वर्ष के तहत भगवान बलराम और अन्नदाताओं को समर्पित है.**



मुख्यमंत्री ने कहा कि बुंदेलखंड के लिए केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना प्रधानमंत्री की बड़ी सौगात है. करीब एक लाख करोड़ रुपये की इस योजना से सागर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़ और छतरपुर सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं बनेंगी, किसानों के लिए हर खेत तक पानी पहुंचाने की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण योजना है. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश में रबी उपार्जन के अंतर्गत इस वर्ष रिकॉर्ड 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं सरकार द्वारा किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है. नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला और युवा सहित सभी वर्गों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संबल प्रदान किया जा रहा है. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि जिले में खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र में रोजगार प्राप्ति हेतु शासन की अनुदान योजनाओं का लाभ लें, शेडनेट हाउस का निर्माण करें,
नरवाई प्रबंधन करें और उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग करें. जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाकर लागत कम करें तथा आय में वृद्धि करें. कार्यक्रम में श्याम तिवारी, एपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र सिंह यादव, कृषि वैज्ञानिक सतीश परसाई तथा प्रगतिशील किसान आकाश चौरसिया ने भी संबोधित किया.

## एक नजर में



### सेवा संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ

**बंडा.** शासकीय महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.कुलदीप यादव द्वारा किया गया। डॉ. नितीश ओबराइन ने कहा कि सेवाभाव से किये गये कर्मों का फल ईश्वर आपको अच्छे रूप में लौटाता है। संचालन नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र भटेले ने एवं आभार डॉ. संजय सिंह ठाकुर ने माना। कार्यक्रम में डॉ. अयूब खान, डॉ. सोहन यादव, शैलेन्द्र सकवार, राजेश्वरी यादव, आयुषी असाटी, रूपक जैन, शिवांशु कमल नामदेव, डॉ. अजब सिंह ठाकुर, डॉ. बाबूलाल अहिरवार, डॉ. मनोज जैन, डॉ. हरिचरण अहिरवार, डॉ. दीप्ति जैन, डॉ. विनीत गुरू, डॉ. प्रतिभा डहेरिया, डॉ. एससी अवस्थी उपस्थित रहे।



### अधिवक्ताओं द्वारा श्रम मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**सागर.** लेबर बार एसोसिएशन सागर के द्वारा लेबर बार एसोसिएशन के सचिव पेट्रिस फुसकेले के नेतृत्व में श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल को ज्ञापन सौंपा गया। श्रम मंत्री के द्वारा औद्योगिक ट्रिब्यूनल खोले जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में अधिवक्ता विजय सर्वटे, विनीत ताम्रकार, जगदेव सिंह,धीरज ताम्रकार ,अरविंद सिंह राजपूत, डीएन तिवारी, देवेंद्र सिंघई, रोशन कुर्मी, चंदन पटेल, रामानुज तिवारी शामिल थे।



### थल सैनिक कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सागर.** एनसीसी के वार्षिक थल सैनिक केम्प में 7 एम.पी. गर्ल्स बटालियन की गर्ल्स कॉलेज एनसीसी कैडेट अंडर ऑफीसर सुरभि सेन एवं अंडर ऑफीसर राशि राय ने उत्कृष्ट सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया है। राशि राय ने सर्विस शूटिंग में रजत पदक प्राप्त किया। साथ ही स्पोर्टस शूटिंग के राष्ट्रीय शिविर तमिलनाडू में अंडर ऑफीसर मुस्कान दांगी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉलेज में आयोजित समारोह में प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि ऐसी राष्ट्रीय उपलब्धिया अन्य छात्राओं और युवाओं में भी देश प्रेम कडे अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनती है. इस दौरान एनसीसी अधिकारी ले. डॉ. अंशु सोनी, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजय खरे, डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. नरेश नेमा, डॉ. प्रहलाद अहिरवार ने कैडेट्स का सम्मान एवं स्वागत किया।

# मैन्यू अनुसार मिड-डे मील नहीं

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं निर्धारित मेन्यू के पालन में लापरवाही पाए जाने पर आकांक्षा सेवा समिति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय माध्यमिक शाला धर्मश्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्रदाय किए जा रहे मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता निर्धारित स्तर के अनुरूप नहीं पाई गई, भोजन शासन द्वारा निर्धारित साप्ताहिक मेन्यू के विपरीत पाया गया। इस पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की। मध्यान्ह भोजन प्रदाता संस्था को विद्यालय में निर्धारित मेन्यू के अनुसार शुद्ध, पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार कर प्रदाय करने का दायित्व सौंपा गया है। निरीक्षण में सामने आई कमियों को गंभीरता से लेते हुए बीआरसी द्वारा समिति के प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में निर्देशित किया गया है कि गुणवत्ताहीन एवं मेन्यू के विपरीत भोजन प्रदाय किए जाने के संबंध में स्पष्टीकरण नोटिस जारी होने के दो दिवस के भीतर उपस्थित हों.

# रिफॉर्म्स इन लर्निंग प्रोसेस विषय पर व्याख्यान

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के अंतर्गत रिफॉर्म्स इन लर्निंग प्रोसेस विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।**



मुख्य वक्ता डॉ जीएल पुणतांबेकर ने कहा कि दुनिया का विज्ञान भी वाणिज्य से ही चल रहा है क्योंकि अर्थ के बिना शोध संभव नहीं है। जीवन में व्यावहारिक ज्ञान पढ़ाई करने की व्यवस्था से बेहतर है, शेयर बाजार पुस्तक के ज्ञान से नहीं चलती है बल्कि व्यवहारिक ज्ञान से चलते हैं। प्राचार्य डॉ सरोज गुप्ता ने कहा की अध्ययन अध्यापन के साथ व्यवहारिक स्किल भी जरूरी है रोजगार प्राप्त करने के लिए व्यावहारिक होना पड़ेगा। संचालन विभागाध्यक्ष डॉ अमर कुमार जैन ने आभार डॉ संगीता कुम्हारे ने किया। व्याख्यान में डॉ अमितेश सोनी ,डॉ शालिनी सिंह परिहार ,डॉ मनीष चौधरी तथा डॉ अनिल महरौलिया उपस्थित थे। विद्यार्थी राशि जैन एवं अनुज मिश्रा में वाणिज्य विषय से संबंधित प्रश्न पूछे।

### कॉलेजों में रजिस्ट्रेशन

**सागर.** शहर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस,ब्लाक अध्यक्ष, सेवादल एवं कार्यकर्ताओं द्वारा इंदौर में आयोजित होने वाले राहुल गांधी के कार्यक्रम छात्रों की गूंज हेतु विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में जाकर छात्र-छात्राओं से सघन संवाद किया गया एवं कार्यक्रम हेतु रजिस्ट्रेशन कराया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष सागर साहू, जितेंद्र चौधरी, जैद खान, नीलेश अहिरवार अमित रामजी दुबे, रामकुमार पचौरी, डॉ. किरण लता सोनी, बाबू सिंह बब्बू यादव ज्योति मलैया ने विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन कराया।

# देवरी में कांग्रेस ने धरना देकर ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. देवरी विस क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर महाराजपुर के हाट बाजार प्रांगण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवरी द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।**



धरने का नेतृत्व पूर्व कैबिनेट मंत्री हर्ष यादव ने किया। धरना प्रदर्शन के बाद कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को 20 सूत्रीय ज्ञापन* सौंपकर किसानों, युवाओं, ग्रामीणों और महाराजपुर क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की।

पूर्व मंत्री श्री यादव ने कहा कि किसानों को खाद की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। साथ ही अवैध जुआ-सट्टा, शराब, ड्रग्स एवं अन्य नशीले पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने की मांग रखी गई। महाराजपुर क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को भी उठाया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मोहासा, आशीष बाबा राजौरिया, अमित सिंरवैया, श्रीमती जानकी लोधी हरप्रसाद, कपिल पांडेय, आंचल आठया,बसंत सिंरवैया, राजकुमार लोधी, वीरेंद्र लोधी, मदन कुर्मी, रामेश्वर कुर्मी, रामेश्वर यादव, हर्ष पटेल, सौरभ नामदेव, नीरज कोष्टी आदि मौजूद थे।

### यंग जैना अवार्ड आयुष को

**सागर.** मैत्री समूह द्वारा राष्टीय स्तर पर आयोजित प्रतिष्ठित यंग जैना अवार्ड हेतु आयुष को चुना गया हैं । इस वर्ष यह प्रोग्राम राजस्थान के महावीर जी तीर्थक्षेत्र पर 16 एवं 17 अक्टूबर को आयोजित होगा । इसी प्रोग्राम में आयुष को मैत्री समूह द्वारा सम्मानित किया जावेगा । ज्ञातव्य हो आयुष ने इस वर्ष प्रतिष्ठित क्लेट कॉमन लॉ एडमिषन टेस्ट में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया था एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एमएचसीटी, सीयूईटी एवं सिम्बोसिस स्कूल ऑफलॉ में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है ।



# विश्वकर्मा जयंती मनाई गई



नवभारत न्यूज

**बीना 17 सितंबर. देव शिल्पी एवं वास्तुकला के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई।**

विश्वकर्मा समाज द्वारा नरसिंह मंदिर के पास स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। तत्पश्चात बाइक रैली निकाली गई। इस मौके पर दिवाकर विश्वकर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मंडल, पंचम विश्वकर्मा, विनीत झा, हेमंत विश्वकर्मा, छोटू विश्वकर्मा मौजीलाल विश्वकर्मा, धनश्याम विश्वकर्मा, संतोष विश्वकर्मा, कृष्णकांत विश्वकर्मा, श्रीकांत विश्वकर्मा, बिहारी झा, रामस्वरूप विश्वकर्मा, विनीता झा, सत्यनारायण विश्वकर्मा मौजूद थे।





# एडिना में नवदीक्षा कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. एडिना ग्रुप ऑफ फार्मेसी के अंतर्गत एडिना इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एवं एडिना कॉलेज ऑफ फार्मेसी में नवप्रवेशित बी.फार्म प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट ओरिएंटेशन प्रोग्राम नवदीक्षा 2026 का आयोजन किया गया।**

प्राचार्य डॉ. प्रतीक जैन एवं डॉ. विवेक जैन ने कहा कि महाविद्यालयीन जीवन सीखने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने का महत्वपूर्ण समय है। डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार जैन,एसोसिएट डायरेक्टर श्रीमती हर्षिता जैन, श्रीमती मंशा जैन, प्राचार्य डॉ. विवेक जैन, डॉ. रुपेश जैन, डॉ. हर्षिता जैन, डॉ. राहुल चौरसिया, डॉ. बसंत खरे उपस्थित रहे। संचालन शुभी पाठक ने किया। विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना और उनके नए शैक्षणिक जीवन की शुरुआत को यादगार बनाना रहा।

### सीपीआर प्रशिक्षण संपन्न

**सागर.** आईएमए,आईएसए के तत्वावधान में सिटी स्टेडियम में मैनिकिन आधारित मेगा सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक डॉ. अजय सिंह ने छाती पर दबाव देने की सही तकनीक, उसकी गति और स्थिति के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। आईएमए अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने कहा कि अचानक कार्डियक अरेस्ट कभी भी और कहीं भी हो सकता है। ऐसे समय में मरीज के आसपास मौजूद व्यक्ति की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि आसपास मौजूद व्यक्ति सही तरीके से सीपीआर शुरू कर दे और जल्द से जल्द आपातकालीन चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो जाए, तो बचने की संभावना हो सकती है। प्रशिक्षण स्कूल, कॉलेज, कार्यालय, खेल परिसर, में तकनीक सिखाई जानी चाहिए।

# इंजीनियर्स डे पर कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. सिरोंजा स्थित बीटीआईआरटी में अभियंता दिवस-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय नवाचार एवं डिजिटलीकरण के माध्यम से सतत भविष्य के लिए स्मार्ट इंजीनियरिंग रहा।**

अभियंता दिवस के अवसर पर तकनीकी प्रश्नोत्तरी, तकनीकी पोस्टर प्रस्तुति एवं विषय आधारित रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सतत इंजीनियरिंग, हरित तकनीक एवं तकनीकी आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर तकनीकी प्रश्नोत्तरी का संचालन एवं मंच संचालन गजेंद्र सिंह द्वारा किया गया।



मुख्य अतिथि संजय कुमार यादव का स्वागत डॉ. जयंत दुबे द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता संजय कुमार यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सांची मिल्क यूनियन लिमिटेड ने आधुनिक तकनीक, नवाचार एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बीटी समूह संस्थान के अध्यक्ष संतोष कुमार जैन घड़ी, सचिव डॉ. सत्येंद्र कुमार जैन, रजिस्ट्रार डॉ. तरुण कुमार सिंह एवं बीटीआईआरटी के प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले ने अपने प्रेरणादायी संदेशों के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीकी उत्कृष्टता, अनुसंधान, नवाचार एवं राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।

# राधाष्टमी पर फूल बंगले में होंगे श्रीजी के दिव्य दर्शन

नवभारत न्यूज

**सागर 17 सितंबर. गौर गोविंद मंदिर, रविशंकर वार्ड में श्री राधाष्टमी महा-महोत्सव का आयोजन 21 सितंबर तक विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के साथ किया जा रहा है।**



गौर गोविंद मंदिर के प्रमुख फूल सिंह पंडा, डॉ लक्ष्मी ठाकुर, डॉ पीएस ठाकुर, वृंदा, राखी, ललिता, अल्पना और राधे ने आयोजनों के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि सन 1960 से श्री राधाष्टमी का आयोजन पूरे उत्साह और धार्मिक परम्पराओं के अनुरूप हो रहा है। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री भील गुरुदेव बिरही जी महाराज की कृपा से श्री राधाष्टमी महा-महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान श्री पं. रसिक बिहारी दास भागवताचार्य द्वारा गोपीगीत पर विशेष आध्यात्मिक प्रवचन दिए जा रहे हैं। 18 सितंबर को ललिता जयंती पर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन होगा। ऊंचेगांव बरसाना वाली श्री ललिता सखी के जन्मोत्सव के अवसर पर हरिनाम संकीर्तन के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बनाया जाएगा। महोत्सव का मुख्य आयोजन 19 सितंबर शनिवार को श्री राधारानी के दिव्य प्राकट्य महोत्सव के रूप में होगा। इस अवसर पर मंदिर परिसर में फूलों से विशेष रूप से सजाए गए फूल बंगले में श्रीजी के दिव्य दर्शन होंगे। 19 सितंबर को दोपहर 2 बजे नगर संकीर्तन शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में भगवान की झांकिया आकर्षण का केंद्र रहेंगी। भगवान सीताराम, लक्ष्मण और निषादराज संवाद, श्रीकृष्ण शेषनाग की लीला, दामोदर लीला, श्रीगोवर्धन जी की झांकी और आंध्रप्रदेश के नृत्य कचीपुड़ी की प्रस्तुतियां होंगी।

# जीवन में अहंकार नहीं सरलता होना जरूरी

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 17 सितंबर. दूसरों की बुराई नहीं अपने को देखने में ही धर्म है। जिसको मन को समझने की इच्छा आ गई तो समझो धर्म समझने की बुद्धि आ गई यही मार्दव धर्म है। अपने जीवन को ऐसा बनाए कि कोई दो बाते कहकर हल्का हो जाए।**





जैन पार्श्वनाथ जैन अटा मंदिर में पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन मादर्व धर्म पर मुनिश्री विशद सागर महाराज ने धर्म सभा मे उक्त विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा हमारी परम्परा है हम बड़ों के चरणों में झुकते हैं तो हमारे यहां वडे पहले ही झुकने वाले को अपना लें और अपनी छाती से लगा लें। मार्दव का अर्थ इतना सरल हो जाओ कि बड़े तुम्हें अपना बना लें। मुनि श्री ने बताया मार्दव धर्म अहंकार दोडकर नम्रता की प्रेरणा देता है जिसको अपनाने में ही जीवन का कल्याण है। धर्मसभा में अनीता जैन, श्रुत्ति जैन, वरिष्ठि जैन, अर्चित जैन ने तत्त्वार्थ सूत्र का वाचन किया, अर्घ समर्पण करने का पुण्यार्जन शीलचंद अभिषेक जैन द्वारा किया। संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया। मुनि शिव सागर महाराज द्वारा शान्तिधारा का पुर्याजन किया गया। इस दौरान उन्होने धर्मसभा में श्रावकों को मार्द स्व धर्म की महत्ता बताया।

### विश्वकर्मा जयंती पर पूजन

**ललितपुर.** सामाजिक रजिस्टर्ड संस्था विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में कचहरी स्थित हनुमान मंदिर परिसर में भगवान विश्वकर्मा पूजन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के संरक्षक महेन्द्र प्रसाद पांचाल एडवोकेट ने की तथा संचालन जगन्नाथ विश्वकर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थाध्यक्ष संयोजक कन्हैयालाल विश्वकर्मा की विशिष्ट भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सुंदरकांड पाठ, विश्वकर्मा चालीसा एवं विश्वकर्मा आरती के साथ हुआ, जिसके उपरांत सामाजिक गोष्ठी का आयोजन किया गया।